**छत्तीसगढ़ शासन**
**सामान्य प्रशासन विभाग**
**मंत्रालय**
**महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर**
**Email ID:- DS-igotkarmayogi@cg.gov.in Phone No. 0771-2510825**

क्र. **GENS-21/1695/2026-GAD-13** नवा रायपुर अटल नगर, दि. **18-08-2026**

प्रति,

शासन के समस्त विभाग,
समस्त विभागाध्यक्ष,
समस्त संभागायुक्त,
समस्त कलेक्टर, छत्तीसगढ़

**विषय:-** iGOT कर्मयोगी पोर्टल पर सर्वाधिक पाठ्यक्रम पूर्ण करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को मासिक आधार पर पुरस्कृत किए जाने के संबंध में।

.....0.....

भारत सरकार द्वारा संचालित iGOT कर्मयोगी पोर्टल के माध्यम से शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के निरंतर क्षमता निर्माण, ज्ञानवर्धन एवं कौशल विकास हेतु विभिन्न ऑनलाइन पाठ्यक्रम उपलब्ध कराए गए हैं। शासकीय कार्यों में दक्षता एवं कार्यक्षमता बढ़ाने की दृष्टि से अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा iGOT पोर्टल पर उपलब्ध पाठ्यक्रमों को पूर्ण करने हेतु प्रोत्साहित किया जाना है।

2/ इसी अनुक्रम में, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा iGOT कर्मयोगी पोर्टल पर सर्वाधिक पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित करने हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है।

3/ इस हेतु प्रत्येक माह के अंत में iGOT पोर्टल से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर सफलतापूर्वक सर्वाधिक पाठ्यक्रम पूर्ण करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों का चयन किया जाएगा। चयनित अधिकारियों/कर्मचारियों को अगले माह मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य सचिव महोदय द्वारा प्रशस्ति-पत्र/पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

4/ मासिक पुरस्कार हेतु पात्रता एवं चयन का आधार संबंधित माह में iGOT पोर्टल पर सफलतापूर्वक पूर्ण किए गए पाठ्यक्रमों की संख्या एवं पोर्टल से प्राप्त प्रमाणित रिपोर्ट होगी। इस संबंध में iGOT पोर्टल की रिपोर्ट को अंतिम एवं मान्य आधार माना जाएगा।

5/ सभी विभागों से अपेक्षा है कि वे iGOT कर्मयोगी पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध पाठ्यक्रमों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता को बढ़ावा दें तथा इसे विभागीय क्षमता निर्माण, ज्ञानवर्धन एवं सतत् सीखने की संस्कृति का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए आवश्यक पहल करें।

6/ अतः निर्देशानुसार अनुरोध है कि कृपया विषयांकित पहल का विभागीय एवं अधीनस्थ कार्यालय स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियमित रूप से iGOT कर्मयोगी पोर्टल पर उपलब्ध पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण करने के लिए प्रेरित करने का कष्ट करें, ताकि अधिकाधिक कार्मिक इस अवसर का लाभ उठा सकें तथा राज्य में सतत् कौशल विकास की भावना को सुदृढ़ किया जा सके।

Digitally signed by
PULAK KUMAR BHATTACHARYA
Date: 18-08-2026 17:49:03

उप सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

प्रतिलिपि :-

1. संचालक, छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी, निमोरा, रायपुर।
2. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर।
3. अवर सचिव, मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर।

की ओर सूचनार्थ प्रेषित ।